आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

नामांकन

प्रदेश में नगर निकाय चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया आज पूरी हो गई है। इन चुनावों के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की जांच 4 मई को की जाएगी। इसके बाद 6 मई को उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर उन्हें चुनाव चिन्ह दिए जाएंगे। नगर निकायों के लिए मतदान 17 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच होगा और इसी दिन शाम तक परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे।

धर्मशाला नगर निगम

धर्मशाला नगर निगम चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन आज 24 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। कुल मिलाकर 3 दिनों में 58 उम्मीदवारों ने नामांकन भरा है। उपमण्डल निर्वाचन अधिकारी मोहित रतन के अनुसार 4 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 6 मई तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकेंगे। नगर निगम के लिए मतदान 17 मई को होगा।

सिरमौर नामांकन

सिरमौर ज़िले में नगर निकाय चुनाव के लिए 92 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए हैं। नाहन नगर परिषद के लिए कुल 31, पांवटा साहिब नगर परिषद के लिए 40 जबकि नगर पंचायत राजगढ़ के लिए 21 नामांकन दर्ज हुए हैं। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने बताया कि 4 मई को नामांकन की जांच की जाएगी जबकि 6 मई तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने शिमला ज़िले के रामपुर खनेरी नर्सिंग संस्थान व अस्पताल में 20 प्रतिशत नर्सिंग छात्राओं के टी.बी. संक्रमित होने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि इन छात्राओं के टी.बी. संक्रमित होने के बावजूद भी सरकार द्वारा कोई प्रभावी कदम न उठाया जाना अत्यंत शर्मनाक है। जयराम ठाकुर ने कहा कि दशकों से चल रही इस लड़ाई में जहां केन्द्र सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से भरपूर सहयोग दे रही है वहीं, प्रदेश स्तर पर इस मामले में भारी लापरवाही सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि टी.बी. उन्मूलन अभियान एक स्वस्थ व बेहतर कल का अभियान है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

प्रतिभा सिंह

पूर्व सांसद व पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं से नगर निगमों, पंचायतों और नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस को मज़बूत करने का आह्वान किया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि सभी को पार्टी उम्मीदवारों की जीत के लिए कार्य करना चाहिए। प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जनहित को प्राथमिकता दी है, ऐसे में पार्टी मज़बूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर आगे आना होगा।

पुण्य तिथि

हिमाचल निर्माता व प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉक्टर यशवंत सिंह परमार की आज पुण्य तिथि है। इस अवसर पर प्रदेशभर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार ने डॉक्टर परमार को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नवनिर्माण में डॉक्टर परमार का उल्लेखनीय योगदान है और हिमाचल कभी भी उनके इस ऋण को नहीं चुका सकता। विनय कुमार ने कहा कि डॉक्टर परमार के अथक प्रयासों से ही हिमाचल को पूर्ण राज्य का दर्जा हासिल हुआ। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष अमित नन्दा भी इस दौरान मौजूद रहे। सिरमौर कल्याण मंच सोलन ने भी डॉक्टर परमार को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से राज्य में वर्षा व ओलावृष्टि का क्रम जारी है। राजधानी शिमला सहित कई अन्य स्थानों पर दोपहर बाद अंधड़ के साथ वर्षा व ओलावृष्टि हुई है। ओलावृष्टि से फसलों व फलदार पौधों को नुकसान हुआ है। मौसम के इस मिजाज़ से दिन के तापमान में भी कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भी कुछ स्थानों पर गरज के साथ वर्षा व ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

जलाशय–निर्देश

बिलासपुर ज़िले में गोबिंद सागर झील और कोल डैम में जल गतिविधियों को लेकर प्रशासन ने सख्त सुरक्षा निर्देश जारी किए हैं। हाल ही में मध्य प्रदेश के जबलपुर में हुई नौका दुर्घटना के मामले को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त राहुल कुमार द्वारा जारी इन निर्देशों का पालन करना सभी संचालकों के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही को गम्भीरता से लिया जाएगा और जन सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

नीट परीक्षा

देशभर में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा नीट यू.जी. परीक्षा कल 3 मई को ली जाएगी। इस परीक्षा के लिए राज्य के विभिन्न स्थानों पर भी परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा के सुचारू आयोजन के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के अलावा संबंधित ज़िला प्रशासन की ओर से भी विशेष प्रबंध किए गए हैं।

....